अनुक्रमांक : _____ मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 08
नाम : _____ No. of Printed Pages : 08

930 **2026** **823 (GG)**

गृहविज्ञान / Home Science

(केवल बालिकाओं के लिए)

(Hindi and English versions)

समय : 3 घंटे, 15 मिनट पूर्णांक : 70
Time : 3 Hours, 15 Minutes Maximum Marks : 70

नोट : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

Note : First 15 minutes are allotted for the candidates to read the question paper.

निर्देश :

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) यह प्रश्नपत्र दो खण्डों – खण्ड 'अ' तथा खण्ड 'ब' में विभक्त है।

(iii) खण्ड 'अ' में 1 अंक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनके उत्तर ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक पर नीले अथवा काले बाल प्वाइंट कलम से सही विकल्प वाले गोले को पूर्ण रूप से काला कर चिह्नित करें।

(iv) खण्ड 'अ' के प्रत्येक प्रश्न का निर्देश पढ़कर केवल प्रदत्त ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक पर ही उत्तर दें। ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक पर उत्तर देने के पश्चात् उसे नहीं काटें तथा इरेज़र अथवा व्हाइटनर का प्रयोग न करें।

(v) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(vi) खण्ड 'ब' में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं।

(vii) खण्ड 'ब' में सभी प्रश्नों के उत्तर एक साथ ही करें।

(viii) प्रथम प्रश्न से आरंभ कीजिए तथा अंतिम प्रश्न तक करते जाइए। जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिए।

UPBoardHub

Instructions :

(i) All questions are compulsory.

(ii) This question paper has two Parts – **Part-A** and **Part-B**.

(iii) **Part-A** consists of **20** multiple choice questions of one mark each that have to be answered on **OMR** Answer Sheet by darkening completely the correct circle with **blue** or **black** ballpoint pen.

(iv) For **Part-A** read the question-wise instructions and mark your answer on the given **OMR** Answer Sheet only. Do not cut, erase or use whitener on the **OMR** Sheet after answering.

(v) Marks of the questions are mentioned against them.

(vi) **Part-B** consists of descriptive type questions of **50 marks**.

(vii) All the questions of **Part-B** are to be attempted all at a time.

(viii) Start from the first question and go up to the last question. Do not waste your time on the question you cannot solve.

खण्ड – अ
PART – A

(बहुविकल्पीय प्रश्न / Multiple Choice Type Questions)

निर्देश : प्रश्न संख्या 1 से 20 बहुविकल्पीय प्रकार के हैं। निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक के चार-चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं। उनमें से सही विकल्प चुनकर क्रमवार ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक पर अंकित करें।
Instruction : Question Nos. 1 to 20 are Multiple choice type. Four alternative answers are given in each question. Select the correct alternatives out of them and mark them on **OMR** Answer Sheet serially.

1. प्रत्यक्ष आय प्राप्ति के स्रोत हैं 1

(A) वेतन (C) पेंशन

(B) ब्याज (D) इनमें से सभी

UPBoardHub

Source(s) of direct income is/are 1

(A) salary (C) pension

(B) interest (D) all of these

2. जीवन बीमा योजना का मुख्य उद्देश्य है 1

(A) शिक्षा की व्यवस्था (C) कृषि व्यवसाय में सहायक

(B) विवाह हेतु धन उपलब्ध कराना (D) बीमा धारक को आर्थिक सुरक्षा

The main objective of Life Insurance Plan is 1

(A) to provide education (C) assistance in agribusiness

(B) to provide money for marriage (D) financial protection to the insured

3. किस चेक के बाएं कोने में दो समान्तर रेखाएं बनाई जाती हैं ? 1

(A) वाहक चेक (C) यात्री चेक

(B) आदेश चेक (D) क्रॉस चेक

In which type of cheque, are two parallel lines drawn ? 1

(A) Bearer cheque (C) Traveller's cheque

(B) Order cheque (D) Crossed cheque

4. जल शुद्धि के लिए प्रयुक्त जीवाणुनाशक पदार्थ है 1

(A) पोटेशियम परमैंगनेट (C) क्लोरीन

(B) ब्लीचिंग पाउडर (D) इनमें से सभी

Bactericidal substance used for water purification is 1

(A) potassium permanganate (C) chlorine

(B) bleaching powder (D) all of these

5. वायुमण्डल में ऑक्सीजन का संतुलन बनाये रखने में सहायक है 1

(A) पेड़-पौधे (C) मनुष्य

(B) पक्षी और जंगली पशु (D) पालतू जानवर

Which helps in maintaining the oxygen balance in the atmosphere ? 1

(A) trees and plants (C) human beings

(B) birds and wild animals (D) pets

6. डायथाइलकार्बामाजिन दवा का प्रयोग किस रोग के उपचार हेतु किया जाता है ? 1

(A) टिटेनस (C) अतिसार

(B) फाइलेरिया (D) भोजन विषाक्ता

Diethylcarbamazine medicine is used for the treatment of which disease ? 1

(A) Tetanus (C) Diarrhoea

(B) Filariasis (D) Food poisoning

7. मोटे कपड़ों को सिलने के लिए कितने नंबर की सुई उपयुक्त है ? 1

(A) 14 या 16 (C) 8 या 9

(B) 11 या 12 (D) इनमें से कोई नहीं

Needle of which number is appropriate for sewing thick clothes ? 1

(A) 14 or 16 (C) 8 or 9

(B) 11 or 12 (D) None of these

8. रेशमी वस्त्रों को धोने की उचित विधि होती है 1

(A) पीटकर धोना (C) तेज़ गरम पानी में धोना

(B) रगड़कर धोना (D) इनमें से कोई नहीं

Appropriate method for washing silk clothes is 1

(A) beat and wash
(B) rub and wash
(C) washing in very hot water
(D) none of these

9. ऊनी वस्त्रों की धुलाई के लिए उचित नहीं है – 1

(A) रीठा
(B) जेन्टील तरल साबुन
(C) क्षार युक्त साबुन
(D) ईज़ी तरल साबुन

..... is not suitable for washing woollen clothes. 1

(A) Indian soapberry (Reetha)
(B) Genteel liquid detergent
(C) Alkaline soap
(D) Ezee liquid detergent

10. लेडीज़ कुर्ता बनाने के आवश्यक नाप हैं 1

(A) कमर एवं लम्बाई
(B) लम्बाई एवं हिप
(C) वक्ष, हिप व लम्बाई
(D) केवल लम्बाई

Essential measurements for making ladies Kurta are 1

(A) waist & length
(B) length & hip
(C) chest, hip & length
(D) length only

11. रसोईघर में सबसे आवश्यक व्यवस्था होनी चाहिए 1

(A) भण्डारण की
(B) जल की
(C) कुर्सी-मेज की
(D) आधुनिक उपकरणों की

The most essential arrangement that should be done in kitchen is 1

(A) of storage
(B) of water
(C) of chair-table
(D) of modern equipment

12. प्रोटीन का उत्तम स्रोत है 1

(A) पालक (C) नींबू

(B) दालें (D) आलू

The best source of protein is 1

(A) spinach (C) lemon

(B) pulses (D) potato

13. एक ग्राम कार्बोहाइड्रेट द्वारा ऊर्जा प्राप्त होती है 1

(A) 4 कैलोरी (C) 12 कैलोरी

(B) 9 कैलोरी (D) 16 कैलोरी

Energy obtained from one gram of carbohydrate is 1

(A) 4 calories (C) 12 calories

(B) 9 calories (D) 16 calories

14. फेफड़ों की संरचनात्मक इकाई है 1

(A) श्वासनाली (C) मध्यपट

(B) वायु कोष (D) इनमें से कोई नहीं

The structural unit of lungs is 1

(A) trachea (C) diaphragm

(B) air sac (D) none of these

15. स्ट्रेचर का प्रयोग किया जाता है 1

(A) शल्य क्रिया के लिए (C) रोगी के स्थानान्तरण के लिए

(B) सोने के लिए (D) इनमें से सभी

Stretcher is used for 1

(A) surgery
(B) sleeping
(C) transfer of patient
(D) all of these

16. सामान्य श्वास की प्रति मिनट गति होती है 1

(A) 4 से 5 बार
(B) 10 से 12 बार
(C) 20 से 25 बार
(D) 15 से 20 बार

Normal breathing rate per minute is 1

(A) 4 to 5 times
(B) 10 to 12 times
(C) 20 to 25 times
(D) 15 to 20 times

17. पुलटिस का प्रयोग होता है 1

(A) गर्म सेक देने के लिए
(B) स्पंज के दौरान
(C) रोगी को नहलाते समय
(D) फोड़े-फुंसी को सेक देने हेतु

Poultice is used for 1

(A) providing hot fomentation
(B) during sponging
(C) giving bath to a patient
(D) providing moist heat to boils (abscesses)

18. कृत्रिम श्वसन देने की विधि है 1

(A) सिल्वेस्टर विधि
(B) शेफर्स विधि
(C) लाबोर्ड विधि
(D) इनमें से सभी

What is the method of giving artificial respiration ? 1

(A) Sylvester method
(B) Schafer's method
(C) Labord's method
(D) All of these

19. एक वयस्क मनुष्य की रीढ़ की हड्डी में कितनी करोरुकाएं पायी जाती हैं ? 1

(A) 16 (C) 32

(B) 26 (D) 36

How many vertebrae are found in the spine of an adult human being ? 1

(A) 16 (C) 32

(B) 26 (D) 36

20. कन्दुक-खल्लिका सन्धि का उदाहरण है 1

(A) कोहनी (C) कन्धा

(B) घुटना (D) कलाई

An example of ball and socket joint is 1

(A) elbow (C) shoulder

(B) knee (D) wrist

खण्ड – ब
PART – B
अति लघु-उत्तरीय प्रश्न
Very Short Answer Type Questions

निर्देश : प्रश्न संख्या 21 से 26 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 25 शब्दों के अन्तर्गत दीजिए।

Instruction : Question Nos. 21 to 26 are Very short answer type questions. Answer each question within maximum 25 words.

21. एक परिवार की आय 15,000 रुपये प्रतिमाह है। इस आय का 45% व्यय भोजन पर होता है। कितने रुपये प्रतिमाह भोजन पर व्यय होता है ? 2

A family has an income of 15,000 rupees per month. 45% of this income is spent on food. How much money is spent on food per month ? 2

22. हैजा रोग का उद्भवन काल कितना है ? 2
What is the incubation period of cholera disease ? 2

23. सिलाई मशीन की सुई टूटने के कोई दो कारण लिखिए। 1+1
Write any two reasons for breakage of needle of sewing machine. 1+1

24. सब्जियों को काटने से पहले धोना चाहिए या बाद में, और क्यों ? 1+1
Should vegetables be washed before cutting them or after and why ? 1+1

25. मोच आने के कोई दो लक्षण लिखिए। 2
Write any two symptoms of sprain. 2

26. एनीमा क्यों दिया जाता है ? 2
Why is an enema given ? 2

लघु-उत्तरीय प्रश्न
Short Answer Type Questions

निर्देश : प्रश्न संख्या 27 से 31 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 50 शब्दों के अन्तर्गत लिखिए।
Instruction : Question Nos. 27 to 31 are Short answer type questions. Answer each question within maximum 50 words.

27. पारिवारिक बजट बनाने के लाभों का संक्षिप्त विवरण लिखिए। 4
Write an account in brief about the advantages of making family budget. 4

28. घरेलू कचरे के निस्तारण के लिए किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए ? 4
What things should be kept in mind for disposal of domestic waste ? 4

29. कपड़ा काटने से पूर्व किन घटकों को ध्यान में रखना चाहिए ? 4
What factors should be kept in mind before cutting cloth ? 4

30. भोजन पकाते समय पौष्टिक तत्वों की सुरक्षा कैसी की जा सकती है ? 4
How can nutrients be protected while cooking food ? 4

31. रोगी को स्पंज कराने की विधि क्या है ? 4
What is the method of sponging a patient ? 4

दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न
Long Answer Type Questions

निर्देश : प्रश्न संख्या 32 से 34 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या 32 और 33 में विकल्प दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न के एक ही विकल्प का उत्तर लिखना है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 100 शब्दों के अन्तर्गत लिखिए।

Instruction : Question nos. 32 to 34 are Long answer type questions. Question nos. 32 and 33 contain alternatives from which only one alternative has to be answered. Answer each question within a maximum of 100 words.

32. 7% वार्षिक ब्याज की दर से 25,000 रुपये का 5 वर्षों का साधारण ब्याज कितना होगा ? 6
What will be the simple interest for 5 years on 25,000 rupees at the rate of interest of 7% per annum ? 6

अथवा / OR

घर की सजावट के कलात्मक सिद्धांत कौन-से हैं ? किन्हीं दो सिद्धांतों का विस्तारपूर्वक विवरण लिखिए। $2 + 2 + 2 = 6$
What are the principles of art of home decoration ? Describe any two principles in detail. $2 + 2 + 2 = 6$

33. दूषित जल से कौन-कौन से रोग फैलते हैं ? इन रोगों के रोकथाम के उपाय लिखिए। $2 + 4 = 6$
What diseases are spread by contaminated water ? Write the ways to prevent these diseases. $2 + 4 = 6$

अथवा / OR

पर्यावरण प्रदूषण से क्या तात्पर्य है ? पर्यावरण संरक्षण की प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उपाय सुझाइये। $3+3=6$

What is meant by environmental pollution ? Suggest ways to create awareness about environmental protection. $3+3=6$

34. ज्वर के रोगी की आहार व्यवस्था करते समय किन तथ्यों को ध्यान रखना चाहिए ? ज्वर की अवस्था में रोगी हेतु एक दिन की आहार तालिका तैयार कीजिए। $3+3=6$

What factors should be kept in mind while planning the diet of a patient with fever ? Prepare a day's diet chart for a patient in a febrile condition. $3+3=6$

आप UPBoardHub पर अपने Recent पेपर को भेज कर 10₹–20₹ प्रति पेपर Reward पा सकते हैं